# ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

**सत्र - 2024-25**

**कक्षा –सात** **सत्र 2 पुनरावृत्ति पत्रक** **विषय : हिंदी**

## अपठित बोध

प्रश्न1) निम्नलिखित गदयांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

गरमी के इस प्रकोप से अपने आपको बचाने के लिए मनुष्य ने उपाय खोज निकाले हैं। साधारण आय वाले घरों में बिजली के पंखे चल रहे हैं, जो नर-नारियों की पसीने से रक्षा करते हैं। अमीरों के यहाँ वातानुकूलित यंत्र लगे हैं। समर्थ जन गरमी से बचने के लिए पहाड़ी स्थलों पर चले जाते हैं और ज्येष्ठ की तपती दोपहरी पहाड़ की ठंडी हवाओं में बिताते हैं। प्यास बुझाने के लिए शीतल पेय है, बर्फ और बर्फ से बने पदार्थ ग्रीष्म के शत्रु और लोगों के लिए वरदान हैं।

(क) गरमी के प्रकोप से बचने के लिए किसने उपाय खोज निकाले हैं?
(i) मछलियों ने
(ii) जानवरों ने
(iii) मनुष्य ने
(iv) इन सभी ने

(ख) अमीरों के यहाँ क्या लगे हुए हैं?
(i) वातानुकूलित यंत्र
(ii) भूकंपरोधी यंत्र
(iii) परीक्षण यंत्र
(iv) उपर्युक्त सभी

(ग) समर्थ जन गरमी से बचने के लिए कहाँ चले जाते हैं?
(i) हिमालय पर
(ii) शिमला
(iii) पहाड़ों पर
(iv) कन्याकुमारी

4. गरमी में क्या चीजें वरदान साबित होती हैं ?
5. शीतल और वरदान शब्दों के विलोम शब्द लिखिए |

## व्याकरण

**प्रश्न 2) विलोम शब्द लिखिए |**

जोड़ना , कम , जीवित , मौन , सूक्ष्म , खामोशी

**प्रश्न 3) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए |**

1) जिसके माता-पिता न हों
2) अधिक बरसात होना
3) दूसरों के कार्य में बाधा डालना

**प्रश्न 4) प्रत्येक शब्द के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए |**

रात , शेर , स्त्री

**प्रश्न 5) श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द लिखिए |**

1) आगम , अगम
2) और , ओर

**प्रश्न 6) वाक्य शुद्ध कीजिए |**

1) तुम यहाँ बैठ |
2) सोमवार के दिन मेरा व्रत होता है |
3) माँ बाज़ार जाएगा |

**प्रश्न 7) संज्ञा शब्दों को रेखांकित कर भेद का नाम लिखिए |**

1) सभी घरों में दीपक जल उठे |
2) कलकत्ता शहर सदियों पुराना है |
3) मास्टर अनुभवी था |

**प्रश्न 8) सर्वनाम शब्दों को रेखांकित कर भेद का नाम लिखिए |**

1) तुम शायद उसे नहीं जानते ?
2) वह अपने झूठे बर्तन स्वयं धोते थे |
3) उसी लड़के के पास मेरा पर्स मिला है |

**प्रश्न 9) लिंग , वचन**

निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए – मालिक , नेता , अध्यापक , छात्र , सेवक

निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए- बस्ता , बाल्टी , घोडा ,मैं , डाल

**प्रश्न 10) कारक**

**रेखांकित कारक शब्द के भेद लिखिए |**

1) कबूतर <u>छत पर</u> दाना चुग रहे हैं ।
2) मुझे <u>बिल्ली से</u> डर लगता है ।
3) <u>हे भगवान</u> ! सबको सुखी रखना |

**प्रश्न 11) विशेषण , क्रिया**

**निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -**

1. <u>झूठा व्यक्ति</u> कभी सुख नहीं भोग सकता |(रेखांकित विशेषण का भेद लिखें )
2. तुम _____चीनी चाय में और मिला दो।(अनिश्चित परिमाण वाचक विशेषण शब्द भरिए |
3. चोर मेरा पर्स ________ कर भाग गया |( नामधातु क्रिया भरिए )
4. माली फूल तोड़कर सुंदर गुलदस्ता बनाएगा |(पूर्वकालिक क्रिया छाँटिए )
5. आज स्कूल में <u>चार दिन</u> का अवकाश घोषित किया गया |(रेखांकित विशेषण शब्द का भेद लिखें )

**प्रश्न 12) अव्यय**

**निम्नलिखित अविकारी शब्दों का प्रयोग कर वाक्य बनाइए –**

सहजता से , से आगे , अचानक , सावधान! , किंतु

**प्रश्न 13) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए –**

क) आकाश-पाताल एक करना
ख) ईद का चाँद होना

**प्रश्न 14) विराम चिह्न का नाम लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए |**

क) - ( )
ख) - !
ग) - ,

घ) - ;
ङ) - ?

**प्रश्न 15) शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग –प्रत्यय और मूल शब्द अलग कीजिए |**

क) लालिमा
ख) पागलपन
ग) आवागमन
घ) साहसिक
ङ) सुलझना

**प्रश्न 16) अर्थ के आधार पर वाक्य परिवर्तित कीजिए |**

क) जो मेहनत करता है वही सफल होता है | (साधारण वाक्य में बदलिए )
ख) माँ बाज़ार से जाकर फल लेकर आई | (संदेहवाचक वाक्य में बदलिए )

**साहित्य ( वसंत )**

**प्रश्न 17)**

**रहीम के दोहे**

1. रहीम जी के अनुसार सच्चे मित्र की क्या पहचान होती है ?
2. धरती की क्या रीत होती है ?
3. सच्ची प्रीत किसकी है –पानी की या मछली की ,स्पष्ट कीजिए |
4. हमें पिछली बातों को क्यों नहीं दोहराना चाहिए ?

**एक तिनका**

1) 'एक तिनका' कविता क्या शिक्षा देती है ?
2) कवि कहाँ खड़ा था ?
3) लोगों ने किस प्रकार कवि की मदद की ?
4) कवि की समझ ने उसे क्या समझाया ?

**खान-पान की बदलती तस्वीर**

1) लेखक ने पारंपरिक भोजन को क्यों महत्त्व दिया है??
2) भारतीय खान-पान में आधुनिकता ने कौन-कौन से बदलाव किए हैं?
3) पारंपरिक खान-पान और आधुनिक खान-पान के बीच क्या अंतर है?

4) बदलते खान-पान का बच्चों की सेहत और आदतों पर क्या असर पड़ता है?

## नीलकंठ

1) नीलकंठ कौन था तथा उसके बारे में आप क्या जानते हैं ?
2) कुब्जा की मृत्यु कैसे हुई ?
3) महादेवी जी के जाली घर का वर्णन कीजिए |
4) लोग मोर के पंजों का क्या करते हैं ?'नीलकंठ' पाठ में किसने यह सपष्ट किया है ?

## भोर और बरखा

1) भोर और बरखा किसकी रचना है ?
2) बरखा पद का वर्णन कीजिए |
3) प्रात होने पर यशोदा माँ अपने लाल को कैसे उठाती हैं ?
4) माखन- रोटी लेकर कौन कृष्ण का इंतज़ार कर रहें हैं और क्यों ?

## वीर कुँवर सिंह

1) हमें कुँवर सिंह से क्या सीख लेनी चाहिए ?
2) किस घटना से पता चलता है कि वे उदार हृदय के व्यक्ति थे ?
3) वीर कुँवर सिंह का बचपन कैसा था ?
4) सोनपुर का मेला किसलिए प्रसिद्ध है और कुँवर सिंह ने इसका उपयोग कैसे किया ?

## रचनात्मक लेखन

**प्रश्न 18) होली के शुभ अवसर पर देशवासियों के लिए 30 से 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए |**

**प्रश्न 19) 'शाकाहार अपनाओ' विषय पर लगभग 20 से 30 शब्दों में नारा लिखिए |**

**प्रश्न 20) महाकुंभ स्नान करके आने पर मित्र को वहाँ के बारे में बताते हुए पत्र लिखिए |**

**प्रश्न 21) साफ पानी न आने से उत्पन्न होने वाली परेशानियों से अवगत करवाते हुए जल विभाग को शिकायती पत्र लिखिए |**

**प्रश्न 22) 'मेरा जन्मदिन' विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए |**

**प्रश्न 23) घड़ी खो जाने पर दो मित्रों की बातचीत को लगभग 80 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए |**